# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र कल से, 22 अगस्त को वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट होगा पेश, 26 को अतिवृष्टि पर होगी विशेष चर्चा।**
2. **लोकसभा ने राजनीति में शुचिता से संबंधित तीनों विधेयक संसद की संयुक्त समिति को भेजा, कानून बना तो 30 दिन की हिरासत पर छोड़ना होगा पीएम–सीएम और मंत्रियों को अपना पद।**
3. **ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में नक्सली संगठन पीएलएफआई के सरगना दिनेश गोप को किया गिरफ्तार, शेल कंपनियों में निवेश का खुलासा।**
4. **रामगढ़, हजारीबाग और कोडरमा समेत राज्य के 11 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।**
5. **राज्य स्तरीय जवाहर लाल नेहरु हॉकी प्रतियोगिता का समापन, दो वर्गों में खूंटी और बालिका वर्ग में सिमडेगा चैंपियन।**

*********************

झारखंड विधानसभा का पूरक मानसून सत्र कल से शुरु हो रहा है। 28 अगस्त तक आयोजित इस सत्र के दौरान चार कार्य दिवस होंगे। 22 अगस्त को सरकार की ओर से वित्तीय वर्ष 2025–26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। उसी दिन शोक प्रस्ताव भी होगा। 26 अगस्त को राज्य में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति पर विशेष चर्चा होगी। सत्र के दौरान चार विधेयक भी पेश होंगे।

*********************

राजनीति में अपराधीकरण रोकने के लिए केंद्र सरकार ने लोकसभा में कल तीन बिल पेश किया। इसमें 130वां संविधान संशोधन बिल भी शामिल है। इस बिल में प्रावधान है कि अगर 5 साल या उससे अधिक सजा वाले संगीन अपराध में कोई मंत्री 30 दिन तक हिरासत में रहता है तो तुरंत उसका मंत्री पद छिन जाएगा। खास बात है कि यह नियम प्रधानमंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री और मंत्रियों पर भी लागू होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के हंगामे के बीच तीनों बिल पेश करते हुए इसे संसद की संयुक्त समिति को भेजने का आग्रह किया। सदन ने इसे स्वीकार करते हुए तीनों बिल संयुक्त समिति को भेज दिया।

*********************

लोकसभा ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 पारित कर दिया है। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने और हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। विधेयक का उद्देश्य युवाओं और कमजोर वर्ग को ऐसे खेलों के प्रतिकूल प्रभाव से बचाना है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काफी वृद्धि हुई है।

*********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि दिवाली और छठ पर्व के अवसर पर 12 हजार विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। बिहार के एनडीए नेताओं के साथ चर्चा के बाद उन्होंने यह घोषणा की। श्री वैष्णव ने कहा कि रेल मंत्रालय ने न केवल नई रेलगाड़ियां चलाने, बल्कि कई अन्य योजनाओं और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी काम किया है।

*********************

इधर, बिहार और झारखंड के रेल यात्रियों के लिए एक नई मेमू फास्ट पैसेंजर ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है जो वैशाली और कोडरमा को जोड़ेगी। इसका उद्‌घाटन कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गया जंक्शन से करेंगे।

*********************

भारतीय जनता पार्टी ने गोड्डा में सूर्या हासंदा एनकाउंटर मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने इसे फर्जी एनकाउंटर करार दिया है।

*********************

केंद्रीय कारा पलामू में बंद नक्सली संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप को मनी लांड्रिंग के मामले में अब ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे इस केस में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। केन्द्रीय जांच एजेंसी को शेल कंपनियों में उसके निवेश के सबूत मिले हैं। गौरतलब है कि टेरर फंडिंग मामले में एनआईए के हाथों 21 मई 2023 को नेपाल से गिरफ्तारी के बाद से ही दिनेश गोप न्यायिक हिरासत में है।

*********************

हजारीबाग पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए देह व्यापार में लिप्त 17 होटल संचालक और कर्मीयों को जेल भेज दिया है। वही 30 जोड़े युवक युवतियों को पूछताछ के बाद अभिभावकों के हवाले कर दिया गया। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन ने जिले के सभी होटल संचालक को चेतावनी भी दी है कि अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

*********************

चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड की डुमरवार पंचायत अब एक आदर्श पंचायत के रूप में जानी जायेगी।

*********************

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के कारण आज रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता संपन्न हो गयी है। बालक अंडर–15 और अंडर–17 वर्ग में खूंटी विजेता बना जबकि बालिका अंडर–17 में सिमडेगा की टीम चैंपियन बनी। उधर, चेन्नई में आयोजित 64वीं राष्ट्रीय इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड की संघमित्रा महता ने पांच हजार मीटर दौड़ में कांस्य पदक हासिल किया है।

*********************

**अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा लोकसभा में पीएम, सीएम और मंत्रियों को हटाने वाले बिल पेश किये जाने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्**कर ने लिखा है– रामदास के बड़े बेटे सोमेश बन सकते हैं मंत्री, घाटशिला से लड़ सकते हैं उपचुनाव।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्य सचिव के हवाले से लिखा है– बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया सितंबर तक पूरी करें।

**प्रभात खबर** लिखता है– बीआईटी मेसरा के कैंपस में छात्रा से छेड़छाड़, ब्लेड से किया हमला।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– जमीन घोटाले में तीन सीओ, दो सीआई व दो राजस्वकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज।

*******समाप्त************